PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 254 ● भिलाई, शनिवार 18 अप्रैल 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊ के बाद गाजियाबाद की 500 झुग्गियों में भीषण आग

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शाम को 1,200 से अधिक झुग्गियों में आग लग गई थी। अब गाजियाबाद के इंदिरापुरम में ऐसी घटना सामने आई है। यहां के कनवानी गांव में दोपहर 12 बजे 500 से अधिक झुग्गियों में आग लगी है, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। एक-एक करके कई सिलेंडर के धमाकों की आवाज सुनाई दे रही है। आग इतनी भीषण है कि उसका धुआं 5 किलोमीटर दूर से दिख रहा है। आग की सूचना मिलते ही गाजियाबाद के अलावा नोएडा के दमकल वाहन भी मौके पर भेजे गए हैं। अभी तक 8 से 10 गाड़ियां मौके पर आग को बुझा रहे हैं। झुग्गी में रहने वाले लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। हालांकि, इसमें हताहत और झुलसे लोगों की जानकारी सामने नहीं आई है। आग बुझाने का काम और बचाव कार्य जारी है। आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण धुआं काफी परेशानी पैदा कर रहा है। लखनऊ के विकास नगर इलाके में रिंग रोड के पास बुधवार शाम को 1,200 से अधिक झुग्गी-झोपड़ी में आग लगी थी। झोपड़ियां के बगल में आवासीय सोसाइटी, होटल और कई शोरूम हैं।

### अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी मामले में सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत

**नईदिल्ली।** रिलायंस समूह के मालिक अनिल अंबानी को बैंक धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली। अंबनी ने याचिका दायर कर भारतीय रिजर्व बैंक के 2024 के निर्देशों के तहत बैंक ऑफ बड़ौदा, इंडियन ओवरसीज बैंक और आईडीबीआई बैंक द्वारा उनके ऋण खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने पर रोक लगाने की मांग की थी। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल पंचोली की पीठ ने याचिका खारिज कर दी। लाइव लॉ के मुताबिक, पीठ ने पाया कि महाराष्ट्र की बॉम्बे हाई कोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप करने का कोई आधार नहीं है, जिसने मूल रूप से एकल पीठ द्वारा दी गई रोक को रद्द कर दिया था। सुनवाई के दौरान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट द्वारा की गई।

नहीं मिला दो-तिहाई समर्थन

# गिर गया महिला आरक्षण बिल विपक्ष में पड़े 230 वोट...

नई दिल्ली। एजेंसी

महिलाओं को विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने और संसद की सीटें बढ़ाने संबंधी 131वां संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को लोकसभा में खारिज हो गया। जिसके बाद अन्य दो बिलों को सरकार ने वापस ले लिए। बिल के पक्ष में 298 सदस्यों ने वोट किया, जबकि 230 सांसदों ने इसके विरोध में मतदान किया। कुल 528 सदस्यों ने वोटिंग में हिस्सा लिया। संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत यानी 352 वोट नहीं मिल सके, जिसके कारण बिल गिर गया। प्रस्तावित संशोधन के तहत 2011 की जनगणना के आधार पर परिसीमन के बाद लोकसभा की सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर अधिकतम 850 करने का प्राविधान था। इसी तरह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में भी सीटें बढ़ाई जानी थीं, ताकि 2029 के चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके। विपक्षी दलों के तीखे विरोध के बीच सरकार बिल को पास कराने में नाकाम रही। इससे पहले, महिला आरक्षण विधेयक को लेकर लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली. एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी दलों से इस बिल का समर्थन करने की अपील की, तो वहीं विपक्ष ने इसे लेकर गंभीर आपत्तियां उठाईं केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस सदन में 543 सांसद बैठते है. किसी के संसदीय क्षेत्र में




मतदाता की संख्या 49 लाख तो किसी के यहां 60 हजार है. कई सीटें इतनी बड़ी हो गई हैं कि सांसद उनसे मिल भी नहीं पाता है. मतदाताओं की अपेक्षा होती है, वो सांसद से मिलना चाहता है.उन्होंने कहा कि क्या जो लोग विरोध कर रहे हैं, वो मुझे समझा सकता है कि जिनके यहां 49 लाख मतदाता हो, वो अपने ज़िम्मेदारी का निर्वाहन कैसे करता होगा ? इसी को ध्यान में रखते हुए संविधान में समय समय पर परिसीमन का प्रावधान है. इससे पहले, लोकसभा में बोलते हुए विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस बिल को छलावा करार दिया और कहा कि यह बिल यहीं गिर जाएगा.उन्होंने दावा किया कि यह वास्तव में महिलाओं के हित में लाया गया विधेयक नहीं है. राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि 2023 में जो महिला आरक्षण बिल पास हुआ था, उसी समय सत्ता पक्ष के सहयोगियों ने संकेत दिया था कि इसे लागू करने में लंबा समय लग सकता है. उनके मुताबिक, मौजूदा प्रस्ताव के जरिए असल मुद्दे से ध्यान हटाया जा रहा है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस बिल के बहाने भारत के चुनावी नक्शे (इलेक्टोरल मैप) को बदलने की कोशिश की जा रही है. राहुल गांधी का कहना था कि यह केवल महिला आरक्षण का मुद्दा नहीं है, बल्कि इसके पीछे राजनीतिक गणित छिपा हुआ है, जिसे जनता के सामने लाना जरूरी है.

### भारत ने देख लिया, इंडिया ने रोक दिया, महिला आरक्षण बिल खारिज होने पर बोले राहुल गांधी



महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में पारित नहीं हो सका, जिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक में वास्तविक नीति से ज्यादा राजनीति दिखाई दी। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं के नाम पर असंवैधानिक तरीकों का सहारा लिया गया। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि भारत ने देख लिया, इंडिया ने रोक दिया और इसे विपक्ष की एकजुटता का परिणाम बताया। साथ ही उन्होंने विपक्षी दलों के बीच तालमेल को मजबूत करने की बात भी कही। इस क्रम में उन्होंने अभिषेक बनर्जी से फोन पर बातचीत कर इस मुद्दे पर चर्चा की।

पीएम मोदी-खरगे ने दी बधाई

# तीसरी बार निर्विरोध राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हरिवंश

नई दिल्ली/ एजेंसी

हरिवंश नारायण सिंह को एक बार फिर राज्यसभा का उपसभापति चुन लिया गया है। यह पहली बार है जब उन्हें लगातार तीसरी बार इस पद पर निर्विरोध चुना गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी सदन में मौजूद रहे, जिससे इस प्रक्रिया की अहमियत और बढ़ गई। राजनीति में अक्सर टकराव देखने को मिलता है, लेकिन इस बार राज्यसभा के उपसभापति के चुनाव में सहमति का माहौल नजर आया। विपक्ष की ओर से कोई उम्मीदवार नहीं उतारा गया, जिसके चलते हरिवंश का चयन लगभग तय हो



गया था। यह स्थिति सत्ता पक्ष की मजबूत पकड़ और राजनीतिक समीकरणों को भी दर्शाती है। हरिवंश नारायण सिंह को तीसरी बार इस पद के लिए चुना गया है। तय समय सीमा तक विपक्ष की ओर से कोई नामांकन नहीं आने के कारण उनका निर्विरोध चयन हो गया। उनके नाम के समर्थन में कई प्रस्ताव दाखिल किए गए, जिनमें जेपी नड्डा निर्मला सीतारमन समेत कई वरिष्ठ नेताओं का समर्थन शामिल था। संसदीय प्रक्रिया के तहत इन प्रस्तावों को सदन में रखा गया और वॉइस वोट से मंजूरी दी गई। एक प्रस्ताव पारित होते ही बाकी प्रस्ताव स्वत: समाप्त हो गए। हरिवंश पहली बार 2018 में उपसभापति बने थे और 2020 में उन्हें दोबारा चुना गया था। अब तीसरी बार इस पद पर उनकी वापसी उनके अनुभव और व्यापक स्वीकार्यता को दर्शाती है। वह हाल ही में फिर से राज्यसभा सदस्य भी बने हैं। उनका नया कार्यकाल 2032 तक रहेगा।

### बोकारो से लापता पुष्पा केस, हाईकोर्ट सख्त

**रांची।** बोकारो से लापता पुष्पा कुमारी मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए जांच प्रक्रिया को तेज करने के निर्देश दिए हैं. कोर्ट ने बरामद नरकंकाल और पीड़िता के माता-पिता के डीएनए सैंपल की जांच कोलकाता स्थित सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में कराने का आदेश दिया है. साथ ही राज्य सरकार को दो सप्ताह के भीतर डीएनए जांच रिपोर्ट पेश करने को कहा गया है. पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता विंसेंट रोहित ने यह जानकारी दी है. सुनवाई के दौरान जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने बरामद कंकाल का पोस्टमार्टम रांची के रिम्स में कराने का भी निर्देश दिया. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए, सरकार की ओर से जानकारी दी गई

पीछे छूटे मुकेश अंबानी

# उद्योगपति गौतम अडानी बने एशिया के सबसे अमीर शख्स

नई दिल्ली/ एजेंसी

देश के जाने-माने अरबपति उद्योगपति और अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी अब एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं। उन्होंने मुकेश अंबानी को पीछे छोड़ दिया है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के ताजा आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है। गौतम अडानी की कुल संपत्ति बढ़कर 92.6 अरब डॉलर हो गई है, जिससे वह वैश्विक स्तर पर 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं मुकेश अंबानी की संपत्ति 90.8 अरब डॉलर रह गई है और वह 20वें स्थान पर खिसक गए हैं।



टॉप लेवल पर हुए इस फेरबदल से भू-राजनीतिक तनाव और बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच 2026 में वैश्विक अमीरों की रैंकिंग में जारी अस्थिरता उजागर होती है। घरेलू शेयर बाजार में गुरुवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में जोरदार तेजी देखी गई, जिसने बेंचमार्क इंडेक्स को भी पीछे छोड़ दिया। इसी के चलते एक ही दिन में गौतम अडानी की संपत्ति में करीब 3.56 अरब डॉलर का इजाफा हुआ। वैश्विक स्तर पर टेस्ला के सीईओ एलन मस्क अब भी 656 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। उनके बाद गूगल के सह-संस्थापक लैरी पेज 286 अरब डॉलर के साथ दूसरे स्थान पर हैं। टॉप 10 में शामिल अन्य नामों में अमेजन के जेफ बेजोस। मेटा के मार्क जुकरबर्ग, ओरेकल के लैरी एलिसन, डेल टेक्नोलॉजीज के माइकल डेल, एनवीडिया के जेन्सेन हुआंग और एलवीएमएच के सीईओ बर्नार्ड अर्नोल्ट शामिल हैं।

नीतीश कुमार का दिल्ली प्लान तैयार

# क्या बदलने वाला है देश का सियासी सम

**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार के दिल्ली जाने की तैयारी पूरी हो गई है। उन्हें दिल्ली के सुनहरी बाग में बंगला नंबर 9 आवंटित किया गया है। टाइप-8 कैटेगरी का यह एक बेहद आलीशान बंगला है। यह कोई साधारण बंगला नहीं है। यह तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। दिल्ली में सांसद नीतीश कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इसके पहले नीतीश कुमार का आवास 6, कामराज लेन पर स्थित था। दिल्ली के जिस इलाके में पूर्व सीएम नीतीश कुमार को बंगला



आवंटित किया गया है। वह दिल्ली का सबसे सुरक्षित इलाका माना जाता है। यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जैसे देश के प्रमुख नेता रहते है।

### दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता को मिली जेड कैटेगरी सुरक्षा

**नई दिल्ली।** राजधानी में लोकतांत्रिक संस्थाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताओं के बीच दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड कैटेगरी कर दी गई है. ये फैसला विधानसभा सचिवालय को लगातार मिल रही बम धमकियों व हाल ही में हुए एक बड़े सुरक्षा उल्लंघन के बाद लिया गया है. पिछले कुछ दिनों में दिल्ली विधानसभा सचिवालय और स्पीकर कार्यालय को आधिकारिक माध्यमों के जरिए करीब 6 से 7 धमकी भरे ईमेल प्राप्त हुए. इन ई-मेल्स में विधानसभा परिसर को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. 14 अप्रैल को भी अध्यक्ष को इसी तरह की धमकी मिली थी.

बंगाल चुनाव की गर्मी से तप रहा

# बंगाल में भाजपा आई तो गुण्डे,माफिया मौलाना सड़कों पर झाड़ू लगाएंगे: योगी

**आसनसोल।** बंगाल चुनाव की गर्मी से तप रहा है। इसी बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज बंगाल में आसनसोल के बराबनी, बीरभूम जिले के बोलपुर व रामपुरहाट में तीन चुनावी सभाओं से बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जमकर हमला बोला। सीएम योगी ने कहा कि, बंगाल में डबल इंजन की भाजपा सरकार आने दीजिए, गुंडे, माफिया व मौलाना जो आपकी चाटुकारिता करते और बंगाल की सड़कों पर झाडू लगाते दिखाई देंगे। अपराधियों व माफियाओं का इलाज केवल भाजपा की डबल इंजन की सरकार के पास है। योगी ने कहा- आज जब उत्तर प्रदेश के अंदर माफिया की हड्?डी और पसली को बुलडोजर ठीक करता है, उसकी संपतति को अपने कब्जे में कर सरकार गरीबों के लिए घर बनाती है तो माफियाराज खत्म हो जाता है। आज यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा है, सब चंगा है। पहले राम जन्मभूमि के लिए आंदोलन करना पड़ता था, रामभक्तों पर गोलियां चलती थीं, मुझे अभी एक कारसेवक मिला है, वो कहा रहा है कि मुझ पर 1990 में टीएमसी की सहयोगी पार्टी सपा ने गोलियां चलवाई थीं। बंगाल में चुनाव को



निर्णायक क्षण बताते हुए योगी ने मतदाताओं से भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील की और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षा, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य का वादा किया। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस का पूर्ण सफाया हो जाएगा और कहा कि अगर केंद्र और राज्य दोनों में एक ही पार्टी सत्ता में आती है तो विकास कार्यों में तेजी आएगी। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कानून व्यवस्था, बेरोजगारी और शासन जैसे मुद्दों को दुगुनी गति से हल किया जाएगा। सीएम योगी ने कहा कि, आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में बंगाल में रेत, कोयला और भूमि माफियाओं का बोलबाला रहा है, साथ ही भ्रष्टाचार और असुरक्षा भी बढ़ती जा रही है। उन्होंने दावा किया कि युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं

अराघची ने कहा कि अब सभी जहाज आराम से होर्मुज से गुजर सकेंगे

# 40 दिन बाद पूरी तरह से खोला गया स्ट्रेट ऑफहोर्मुज ईरान के विदेश मंत्री का ऐलान; ट्रंप बोले धन्यवाद.....

नई दिल्ली/ एजेंसी

40 दिन बाद होर्मुज जलडमरूमध्य पूरी तरह से खुल गया है. ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इसकी घोषणा की है. अराघची ने कहा कि अब सभी जहाज आराम से होर्मुज से गुजर सकेंगे. उन्होंने कहा कि लेबनान में हुए सीजफायर को देखते हुए यह फैसला लिया गया है. अमेरिकी हमले को कुंद करने के लिए 6 मार्च को ईरान ने होर्मुज को ब्लॉक कर दिया था. एक सोशल पोस्ट में विदेश मंत्री अराघची ने कहा- जब तक अस्थाई सीजफायर है, तब तक होर्मुज से सभी वाणिज्यिक जहाज आसानी से गुजर सकेंगे. सभी जहाज ईरान के इस्लामी गणराज्य के बंदरगाह और समुद्री संगठन द्वारा पहले से घोषित समन्वित मार्ग से होकर गुजर सकेंगे. बता दें कि, इजरायल और लेबनान गुरुवार को पूर्वी समयानुसार शाम 5 बजे से शुरू होने वाले 10 दिनों के युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। ईरान समर्थित आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के



खिलाफ इजरायल का सैन्य अभियान अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता में एक अहम मुद्दा रहा है, ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरघची के होर्मुज खोलने के ऐलान के साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप का पोस्ट सामने आ गया. उन्होंने ईरानी को इस फैसले के लिए धन्यवाद कहा है. इसी खबर के साथ कच्चे तेल के दाम घटने की खबर भी सामने आ रही है. खास बात ये है कि ईरान के इस फैसले के साथ अब उसकी अमेरिका के साथ युद्ध विराम पर बातचीत हो सकती है. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2 दिन पहले होर्मुज से नाकाबंदी हटाने की घोषणा की थी. ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि चीन से मेरी बात हुई है. हम नाकाबंदी हटाएंगे. ईरान ने होर्मुज को लेकर हमारी बात मान ली है. चीन ने भी हमारी बात मान ली है. ईरान पर सीजफायर को आगे बढ़ाने के लिए होर्मुज खोलने का दबाव था. अमेरिका क कहना था कि सीजफायर पर बात तभी बढ़ेगी, जब तक ईरान होर्मुज नहीं खोलेगा. समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि ईरान और अमेरिका के बीच सीजफायर को आगे बढ़ाने को सहमति बन गई है. इसी कवायद के तहत होर्मुज को खोला गया है. ईरान पर होर्मुज खोलने का दबाव था. होर्मुज को खुलवाने को लेकर पेरिस में 40 देशों की एक मीटिंग प्रस्तावित है. इस मीटिंग में फ्रांस-ब्रिटेन जैसे देशों के नेता शामिल होंगे.

ट्रंप का वाशिंगटन से बड़ा ऐलान

# 10वां युद्ध है जिसे मैंने ही रुकवाया..

**नई दिल्ली।** पिछले कई महीनों से इजरायल और लेबनान की सीमा पर गूंजते धमाकों और हिजबुल्लाह-इजरायल के बीच जारी भीषण तनाव पर फिलहाल 'विराम' लग गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन से एक ऐसा ऐलान किया है जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। राष्ट्रपति ट्रंप की मध्यस्थता के बाद इजरायल और लेबनान 10 दिनों के संघर्ष विराम के लिए सहमत हो गए हैं। यह समझौता केवल एक सैन्य विराम नहीं है, बल्कि इसे ट्रंप प्रशासन की उस 'पीस कूटनीति' की शुरुआत माना जा रहा है,



जिसका वादा उन्होंने अपने चुनाव प्रचार के दौरान किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इस सीजफायर का ऐलान करते हुए अपनी पीठ खुद थपथपाई है। ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर लिखा कि वाशिंगटन में इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनों में 5 लोग घायल

रायपुर। पहली घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई। यहां बीती रात तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। बताया जा रहा है कि कार में सवार दो युवक शराब के नशे में थे। कार ने पहले एक खड़ी गाड़ी को टक्कर मारी, फिर एक ठेले को चपेट में लेते हुए सड़क पर पलट गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। दूसरे युवक को चोट आई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर मामला दर्ज किया। दूसरी घटना कुमुण्डा थाना क्षेत्र के कुचेना मुख्य मार्ग पर हुई। यहां एक थार और कार के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों हादसे तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुए हैं। लोगों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### नशीली दवा मामला ओडिशा से दो और आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर। पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस मामले में अन्य दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया, जो 28 जनवरी की घटना के बाद से फरार थे. पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गिरफ्तार आरोपी मधु मिश्रा को गांजा एवं प्रतिबंधित टैबलेट (नाइट्रोसन) की बिक्री करते थे. मंगलवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया. मामला थाना तिल्दा नेवरा का है।धारा 20 (बी), 22(सी) एनडीपीएस एक्ट एवं 25 आर्म्स एक्ट के प्रकरण में पुलिस ने 28 जनवरी को छापामार कार्रवाई में महिला आरोपी मधु मिश्रा को गिरफ्तार किया था. उसके कब्जे से 73 किलोग्राम गांजा, प्रतिबंधित टेबलेट (नाइट्रोसन), नगद राशि 1,87,000 रुपए, छह मोबाइल फोन, एक टैब कुल अनुमानित कीमत 41,75,000 रुपए और तीन बटनदार चाकू जब्त कर जेल भेज दिया था.इस मामले से जुड़े अन्य आरोपी प्रणब कुमार नाइक निवासी जिला कालाहाण्डी ओडिशा और सफीकुल रहमान निवासी जिला नुवापाड़ा ओडिशा फरारी काट रहे थे. मुखबिर के सूचना पर तिल्दा नेवरा पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो बताया कि आरोपी मधु मिश्रा को गांजा और प्रतिबंधित टैबलेट (नाइट्रोसन) की बिक्री करते थे।

### रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

रायपुर। राजधानी रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साइबर ठगी करने वाले अवैध कॉल सेंटर गिरोह के मुख्य आरोपी और मास्टरमाइंड को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी विकास शुक्ला को महाराष्ट्र के शोलापुर से पकड़ा गया है। इस कार्रवाई को रायपुर पुलिस की एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट ने अंजाम दिया।मामला थाना गंज और न्यू राजेंद्र नगर में दर्ज अपराधों से जुड़ा है, जिसमें बीएनएस की कई धाराओं और आईटी एक्ट की धारा 66(सी) व 66(डी) के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में 25 मार्च 2026 को सुभाष नगर स्थित पिथालिया कॉम्प्लेक्स और अंजनी टॉवर में एक साथ छापेमारी की गई थी। इस दौरान अवैध कॉल सेंटर संचालित कर विदेशी नागरिकों, खासकर अमेरिकी लोगों से ठगी करने वाले 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

---

**जनगणना के महाभियान में नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील**

# देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है जनगणना

- मुख्यमंत्री ने जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर राज्य स्तरीय अभियान का किया शुभारंभ
- जनगणना के सटीक आंकड़े आगामी वर्षों की योजनाएं तैयार करने में होती है मददगार

रायपुर/ संवाददाता



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में जनगणना 2027 के तहत ऑनलाइन स्व-गणना कर जनगणना अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने स्वयं पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर नागरिकों को इस राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी का संदेश दिया।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में विश्व का सबसे बड़ा जनगणना अभियान संचालित हो रहा है और छत्तीसगढ़ में भी आज से ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 के बीच ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार से संबंधित जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनगणना को आधुनिक और डिजिटल स्वरूप दिया गया है, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुलभ हो सके।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि देश और राज्य के भविष्य की दिशा तय करने का आधार है। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार आने वाले वर्षों की योजनाएं तैयार करती है, ताकि विकास का लाभ हर वर्ग तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि 1 मई 2026 से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना का कार्य किया जाएगा। 30 मई तक प्रगणक घर-घर जाकर आवासीय और गैर-आवासीय भवनों, उनकी स्थिति, उपयोग तथा बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, शौचालय, बिजली, रसोई गैस, इंटरनेट और संचार व्यवस्था से संबंधित जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि जब भी प्रगणक घर आएं, तो उन्हें सही, स्पष्ट और पूर्ण जानकारी दें, क्योंकि प्रत्येक जानकारी राज्य के विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान दी गई सभी व्यक्तिगत जानकारी पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है और इसका उपयोग केवल सांख्यिकीय एवं नीतिगत उद्देश्यों के लिए ही किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है और विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के संकल्प को साकार करने में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका है। सही आंकड़े ही बेहतर योजना और प्रभावी विकास की नींव रखते हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी नागरिकों से इस महाअभियान को जनभागीदारी का उत्सव बनाने और सक्रिय सहयोग देने की अपील की। इस दौरान अपर मुख्य सचिव तथा जनगणना के नोडल श्री मनोज कुमार पिंगुआ, कलेक्टर रायपुर डॉ. गौरव कुमार सिंह, संचालक जनगणना श्री कार्तिकेय गोयल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। हाउसलिस्टिंग के दौरान गणना कर्मचारी निम्न बिंदुओं पर जानकारी एकत्र करेंगे घर की स्थिति (कच्चा/पक्का, स्वामित्व आदि), परिवार के सदस्यों का विवरण, पानी, बिजली, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं, घर में मौजूद संपत्ति और संसाधन सरकार ने साफ किया है कि यह पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत की जा रही है। इसके अनुसार, एकत्रित की गई सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। यह डेटा किसी भी व्यक्ति विशेष के खिलाफ उपयोग नहीं किया जाएगा, बल्कि केवल सांख्यिकीय विश्लेषण और विकास योजनाओं के निर्माण के लिए ही इस्तेमाल होगा। जनगणना 2027 के तहत जुटाई जा रही सभी जानकारियों को लेकर सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिकों की गोपनीयता पूरी तरह सुरक्षित रहेगी। यह पूरी प्रक्रिया जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत संचालित की जा रही है, जिसके अनुसार एकत्रित सभी डेटा पूरी तरह गोपनीय रहेगा।

---

## गांव-गांव पहुंचकर हैंडपंप दुरुस्त कर रही मरम्मत टीमें

रायपुर। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और बढ़ते जल संकट के बीच लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा राहत पहुंचाने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब और बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत को प्राथमिकता देते हुए विभाग की टीमें लगातार सक्रिय हैं और गांव-गांव पहुंचकर त्वरित सुधार कार्य कर रही हैंतेज धूप और बढ़ती जल मांग को देखते हुए विशेष रणनीति के तहत मरम्मत दलों का गठन किया गया है। ये दल सुबह से ही फील्ड में पहुंचकर हैंडपंपों की जांच, मरम्मत और आवश्यक पुर्जों के प्रतिस्थापन का कार्य कर रहे हैं, ताकि किसी भी गांव में पेयजल की समस्या न हो। विभाग यह सुनिश्चित कर रहा है कि खराब हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द चालू किया जाए। इसी क्रम में विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत कुवारपुर में लंबे समय से खराब पड़े हैंडपंप को सुधारकर पुनः चालू किया गया। इसके शुरू होते ही आसपास के लोगों को स्वच्छ पेयजल मिलने लगा, जिससे भीषण गर्मी में बड़ी राहत मिली है। स्थानीय ग्रामीणों ने विभाग की तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर मरम्मत कार्य होने से उनकी दैनिक जल समस्या दूर हो गई है। उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण जीवन सुगम हो रहा है।विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न गांवों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। जहां भी हैंडपंप खराब पाए जा रहे हैं, वहां तुरंत मरम्मत की जा रही है। साथ ही भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए नियमित संधारण पर भी जोर दिया जा रहा है।

## मंत्री लखनलाल देवांगन ने किया वेदांता पावर प्लांट के घटनास्थल का निरीक्षण

- कलेक्टर एसपी एवं वेदांता प्रबंधन के साथ ली समीक्षा बैठक
- तकनीकी पहलुओं की जाँच एवं एफआईआर दर्ज करने के दिए निर्देश

रायपुर/ संवाददाता



छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य उद्योग, श्रम, सार्वजनिक उपक्रम एवं आबकारी विभाग के मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज सक्ती जिले के डभरा ब्लॉक के ग्राम सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में 14 अप्रैल को हुए हादसे के बाद घटनास्थल का निरीक्षण किया। मंत्री श्री देवांगन ने सिंघीतराई में ही कलेक्टर श्री अमृत विकास टोपनो, पुलिस अधीक्षक श्री प्रफुल्ल ठाकुर तथा वेदांता प्रबंधन के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने श्रम कानूनों के अनुरूप घटना के तकनीकी पहलुओं की गहराई से जाँच कराने तथा दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बैठक में वेदांता प्रबंधन के चीफ हेड ऑफ ऑपरेशन श्री सुशील बेहरा ने घटना से संबंधित जानकारी दी। इस दौरान बॉयलर विशेषज्ञ श्री गुंजन शुक्ला ने हादसे की प्रारंभिक संभावनाओं के बारे में अवगत कराया। मंत्री श्री देवांगन ने कलेक्टर को निर्देश दिए कि जाँच पूरी सतर्कता और सूक्ष्मता से की जाए तथा प्रभावित परिवारों को मुआवजा, रोजगार और दुर्घटना में दिव्यांग होने की स्थिति में पेंशन जैसी सुविधाएँ सुनिश्चित की जाएँ। उन्होंने श्रमिकों के ईएसआईसी और पीएफ से संबंधित जानकारी भी ली। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि दोषियों को किसी भी परिस्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा की है और मुख्यमंत्री स्वयं घटना की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## नारी का सम्मान ही राष्ट्र के उत्थान का आधार है श्री राजेश अग्रवाल....



- कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर में किया नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सहभागिता

रायपुर/ संवाददाता

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने आज पी.जी. कॉलेज अंबिकापुर के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में सहभागिता करते हुए कहा कि नारी का सम्मान ही राष्ट्र के उत्थान का आधार है। उन्होंने कहा कि आज का भारत महिलाओं को केवल सम्मान ही नहीं, बल्कि नेतृत्व और निर्णय लेने की शक्ति भी प्रदान कर रहा है, जो देश के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को ऐतिहासिक और दूरगामी प्रभाव वाला कदम बताते हुए कहा कि यह अधिनियम संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान से महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ेगी और नीति-निर्माण में उनकी सक्रिय भूमिका सुनिश्चित होगी, जिससे लोकतंत्र और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। यह अधिनियम 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को मजबूती प्रदान करने के साथ ही समाज में लैंगिक समानता को भी बढ़ावा देगा। मंत्री श्री अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है और शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार तथा सुरक्षा के क्षेत्रों में लगातार प्रभावी कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता रही, जहां महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शासकीय योजनाओं और अवसरों की जानकारी साझा की गई, जिससे महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिली। जब नारी सशक्त होगी, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध बनेगा।

## बाबा साहब का जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक-रंजना

रायपुर। संवाददाता



सर्व अनुसूचित जाति-जनजाति संयुक्त मोर्चा, जिला धमतरी के तत्वावधान में दानीटोला स्थित डॉ. अंबेडकर मंगल भवन में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित भव्य समारोह में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं धमतरी की पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित समाजजनों ने बाबा साहब के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अतिथि उद्बोधन में श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा और सामाजिक न्याय का प्रतीक है, सदैव अंबेडकर जी ने समाज के अंतिम व्यक्ति तक अधिकार पहुंचाने का जो कार्य किया, वह आज भी प्रेरणादायक है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि उनका संदेश केवल एक वर्ग के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानव समाज के लिए है, हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में एकता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए, साथ ही उन्होंने युवाओं से शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाने और समाज के उत्थान में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज प्रमुख श्री ज्ञानिकराम रामटेके ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के दबे-कुचले वर्ग को मुख्यधारा में लाने का जो ऐतिहासिक कार्य किया, वह सदैव याद रखा जाएगा। आज हमें जरूरत है कि हम उनके आदर्शों पर चलकर समाज में फैली असमानता और भेदभाव को समाप्त करें।

## चोरी कर भागने वाले को पुलिस ने दबोचा

रायपुर। संवाददाता

पुलिस के द्वारा अपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जगदलपुर शहर के अनुपमा चौक के पास सब्जी बेचने वाली ग्रामीण महिला के पैसे से भरे थैला को चोरी कर भागने वाले हिस्ट्रीशीटर चोर को गिरफ्तार करने में बस्तर पुलिस को मिली बड़ी सफलता। बसन्ती बघेल पिता मगन बघेल,निवासी ईरिकपाल मंजार पारा, थाना परपा ने कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 12 अप्रैल दिन रविवार को वह अपने मां सामबती बघेल के साथ सब्जी बेचने के लिए अनुपमा चौक के पास आई थी कि करीबन 11.40 बजे एक अज्ञात चोर चेहरे पर नकाब लगाकर आया और इसका ध्यान सब्जी बेचने में लगा हुआ देखकर इसके बगल में रखा पैसे के थैला को चोरी कर लेकर भाग गया। रिपोर्ट पर तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के दिशानिर्देशन, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में तत्काल कार्यवाही हेतु टीम तैयार किया गया। टीम के द्वारा आसपास के लोगो से पूछताछ करते हुए, घटना स्थान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा एवं अन्य तकनीकियों का सहायता लेकर गहनता से अवलोकन किया गया जिसके आधार पर कोतवाली क्षेत्रांतर्गत रहने वाला चोरी ।

---

**मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्राम डांगरा में कुसुम पेड़ के नीचे लगाई 'बाल चौपाल'**

# ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के साथ सहज ढंग से किया अनौपचारिक संवाद

- सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ङ्क मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े

रायपुर/ संवाददाता

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े आज उत्तर बस्तर कांकेर जिले के प्रवास के दौरान दुर्गूकोंदल विकासखंड के दूरस्थ ग्राम डांगरा पहुंचीं। यहां उन्होंने हाई स्कूल परिसर में कुसुम पेड़ के नीचे 'बाल चौपाल' लगाकर ग्रामीण महिलाओं और बच्चों के साथ जमीन पर बैठकर आत्मीय एवं अनौपचारिक संवाद किया। इस अवसर पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा तथा राज्य हस्तशिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत भी उपस्थित रहीं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बन रही हैं, साथ ही उनकी दैनिक जरूरतों की पूर्ति भी सहज हो रही है। उन्होंने कहा कि नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ बनने के बाद अब राज्य सरकार द्वारा विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा रही है, जिससे दूरस्थ अंचलों तक बुनियादी सुविधाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसर तेजी से पहुंच रहे हैं। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को विशेष रूप से संतुलित आहार, अतिरिक्त पोषण, प्रोटीन और विटामिन लेने की सलाह देते हुए कहा कि स्वस्थ मां ही स्वस्थ समाज की नींव होती है। उन्होंने महिलाओं से विभागीय योजनाओं तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान डॉ. वर्णिका शर्मा ने बच्चों के बीच विभिन्न ज्ञानवर्धक एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित कराईं। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने प्रतिभागी बालिकाओं को अपने हाथों से पुरस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। बच्चों के लिए आयोजित गतिविधियों में गुड टच-बैड टच, लोकगीत, लोकनृत्य, व्यक्तित्व विकास एवं दैनिक जीवन से जुड़ी प्रतियोगिताएं शामिल रहीं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग



लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने तीन नौनिहालों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने ग्राम डांगरा की सुकारो बाई की 5 माह की पुत्री रूही नरेटी को गोद में लेकर रेडी टू ईट से बनी खीर खिलाई। इसी तरह वामिका उइके एवं लावण्या गावड़े का भी अन्नप्राशन संपन्न कराया। इसके साथ ही पांच शिशुवती माताओं को सुपोषण टोकरी भेंट कर कुपोषण मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर पांच बच्चोंविधाना मरकाम, प्रियांशी कुरेटी, विकास हिड़को, ग्रेसी निषाद और रियांशी तेता को विद्यारंभ संस्कार प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना से जुड़ी 68 महिलाओं का ई-केवायसी अपडेट मौके पर ही सफलतापूर्वक किया गया, जिससे योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिल सके। कार्यक्रम के उपरांत मंत्री श्रीमती राजवाड़े, डॉ. शर्मा एवं श्रीमती राजपूत ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों, महिलाओं और बच्चों के साथ पेड़ के नीचे जमीन पर बैठकर सामूहिक भोज किया। पारंपरिक दोना-पत्तल में दाल, चावल, कुल्थी की सब्जी और मड़िया पेज जैसे स्थानीय व्यंजन परोसे गए, जिससे कार्यक्रम में आत्मीयता और स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली। प्रवास के दौरान मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने भानुप्रतापपुर के ग्राम चौंगेल (मुल्ला) स्थित पुनर्वास केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां रह रही महिलाओं से संवाद कर उनका हालचाल जाना, प्रशिक्षण गतिविधियों की जानकारी ली और उनकी समस्याएं सुनकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही केन्द्र में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री विपिन जैन, एसडीएम भानुप्रतापपुर श्री जीडी वाहिले, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिए अयोध्याधाम के लिये रवाना

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन के लिये अयोध्याधाम रवाना हुआ। मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल, फितराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयाँ देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर निगम सचिव रामेश्वर सिंह कंवर, अरविंद सिंह, रिशु श्रीवास्तव, अमित टमकोरिया, जितेन्द्र राजपूत आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ सरकार की महती योजना श्रीरामलला दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश के नागरिकों को पवित्र अयोध्याधाम ले जाकर भगवान श्रीरामलला जी के दर्शन प्रतिमाह कराए जा रहे हैं, जिसका सम्पूर्ण व्यय शासन द्वारा वहन किया जाता है। इसी कड़ी में इस माह भी कोरबा से 35 तीर्थयात्रियों का दल श्रीरामलला दर्शन हेतु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुआ, यह दल बस के माध्यम से बिलासपुर के उस्लापुर रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहाँ से विशेष ट्रेन द्वारा तीर्थयात्री अयोध्याधाम पहुंचकर श्रीरामलला जी के दर्शन का पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे। मेयर इन कार्उसिल सदस्य श्री हितानंद अग्रवाल, फितराम साहू, ममता यादव आदि ने तीर्थ यात्री बस को हरी झण्डी दिखाई एवं यात्रियों को तिलक लगाकर व पुष्पमाला पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं व बधाईयाँ देते हुए अयोध्याधाम के लिये रवाना किया। इस मौके पर पार्षदों ने कहा कि यह सौभाग्य का विषय है कि प्रभु श्रीरामलला के दर्शन हेतु जा रहे श्रद्धालुजनों को यात्रा पर रवाना करने का पवित्र अवसर आज प्राप्त हुआ है, उन्होने कामना करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी यात्रा को मंगलमय करें तथा श्रद्धालुजन रामलला के चरणों का दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर तीर्थयात्रियों ने श्रीरामलला दर्शन योजना की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया।

### संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ

**कोरबा।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 726वीं जयंती श्रीवास नाई सामाजिक कल्याण समिति जिला कोरबा द्वारा अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो गुप्ता मंदिर सीतामढ़ी से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुराना बस स्टैंड क्षेत्र तक पहुंची। इस दौरान समाज के अनेक स्वजातीय बंधु, माताएं-बहनें एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए और पूरे वातावरण को भक्ति एवं उत्साह से सराबोर कर दिया। इसी क्रम में पुरानी बस्ती, कोरबा स्थित श्रीवास महिला समिति द्वारा संत शिरोमणि सेन जी महाराज की पावन जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा के स्वागत के साथ शीतल शरबत एवं भोग-प्रसाद वितरण का सुंदर आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति के सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ सम्मिलित होकर संत शिरोमणि सेन जी महाराज के चरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए तथा क्षेत्र सहित समस्त प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। यह कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष श्रीमती कौशिल्या गोपाल श्रीवास के कुशल नेतृत्व में समिति की समर्पित महिलाओं द्वारा अत्यंत व्यवस्थित एवं भव्य रूप से संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वाणिज्य, उद्योग, सहकारिता एवं आबकारी मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के प्रतिनिधि छोटे भाई नरेन्द्र देवांगन जी एवं नगर पालिका निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही समाज के वरिष्ठजनों एवं गणमान्य नागरिकों शत्रुहन श्रीवास (अध्यक्ष), मोहनलाल श्रीवास (पूर्व अध्यक्ष), लक्ष्मण श्रीवास (वरिष्ठ पार्षद), श्रीमती ममता श्रीवास (अध्यक्ष महिला मंडल) रमेश श्रीवास तथा सत्यवान श्रीवास , कृष्ण कुमार श्रीवास, गोपाल श्रीवास लक्ष्मी श्रीवास द्वारका चन्द्रमा सहयोगी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया।

### करंट की चपेट में आया मजदूर, निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान दर्दनाक मौत

**कोरबा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशी नगर बुधवारी इलाके में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना शाम करीब 4 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, दादर बस्ती निवासी टीकाराम यादव (28) दो मंजिला मकान में सरिया बिछाने का काम कर रहा था। इसी दौरान ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन के संपर्क में सरिया आ गया, जिससे उसे तेज करंट लगा। करंट लगते ही टीकाराम जोरदार झटके के साथ छत से नीचे गिर गया। साथियों ने तत्काल उसे गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## सुशासन तिहार को सफल बनाने जुटा प्रशासन

# 1 मई से 10 जून तक लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर

- सुशासन तिहार की तैयारी तेज, कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश
- गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर कलेक्टर ने दिया जोर



**बिलासपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार के तहत 1 मई से 10 जून 2026 के बीच आयोजित होने वाले जन समस्या निवारण शिविरों की तैयारी को लेकर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे, जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए, ताकि आमजन को वास्तविक लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप लंबित प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। भूमि संबंधी प्रकरण, मनरेगा अंतर्गत लंबित भुगतान, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, आय जाति और निवास प्रमाण पत्र, बिजली, ट्रांसफार्मर एवं पेयजल से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने जानकारी दी कि निर्धारित अवधि में जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में 15-20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर लगाए जाएंगे, जहां विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए। साथ ही, विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जन-जागरूकता सुनिश्चित करते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि अभियान के दौरान नियमित समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा विकास कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन का मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर फीडबैक लिया जाएगा। व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक सुशासन तिहार की जानकारी पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने अधिकारियों से अपेक्षा की कि इस अभियान को जन-आंदोलन के रूप में संचालित करते हुए आमजन को शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना सुनिश्चित करें।

## विशेष दिव्यांग बच्चों के लिए 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ



**बिलासपुर।** शहर में पहली बार विशेष दिव्यांगता वाले बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 15 दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन बिलासपुर डायटिशियन एंड न्यूट्रीशनिस्ट एसोसिएशन, गुरुद्वारा सिंह सभा दयालबंद एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस समर कैम्प में दिव्यांग बच्चों को व्यक्तित्व विकास, समय और वित्तीय प्रबंधन के साथ ही पाक कला सिखाई जा रही है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अध्यक्ष श्री परमजीत सिंह सलूजा, श्री गुरदीप आजमानी, लॉयन्स क्लब से श्री नितीन सलूजा एवं बीडीएनए अध्यक्ष श्री ललित पुजारा द्वारा किया गया। बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने विभिन्न गतिविधियों में उत्साह से भाग लिया। अतिथियों ने बच्चों के उत्साह और प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि विशेष बच्चों के लिए आयोजित इस कार्यक्रम से बच्चों में कौशल विकास होगा, जिससे वे अपने जीवन में आगे बढ़ेंगे। इस 15 दिवसीय समर कैंप का आयोजन बीडीएन की कोषाध्यक्ष एवं स्पेशल ओलम्पिक भारत छत्तीसगढ़ की फैमिली फोरम हेड श्रीमती कविता पुजारा द्वारा किया जा रहा है। इस कैंप के माध्यम से विशेष बच्चों को आत्मनिर्भर, आत्मविश्वासी एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के मार्गदर्शन एवं उत्साहवर्धन के लिए श्रीमती परमजीत सिंह, रौनक सिंह, डॉ. मीना गुप्ता, श्रीमती मोनिका कोल्हे, वर्षा अरोरा, विधि अरोरा, सिद्धि उभरानी, डॉ. किरण नहरेल, डॉ. भूमि साहू, श्री एवं श्रीमती जड़िया, श्री तेलंग, श्रीमती श्रद्धा, श्रीमती महेश्वरी, श्रीमती चक्रवर्ती, श्रीमती अल्का सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम आवास योजना से मोहन सिंह को मिला पक्का आशियाना



**बिलासपुर।** हर नागरिक का सपना होता है कि उसका अपना पक्का मकान हो, जहाँ वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सके। लेकिन आर्थिक तंगी के कारण यह सपना हर किसी के लिए पूरा करना आसान नहीं होता। ऐसे में सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए उम्मीद की किरण बनकर सामने आई है। जनपद पंचायत कोटा के ग्राम पंचायत चपोरा के निवासी मोहन सिंह राज को इस योजना के तहत पक्का आवास मिला जिससे अब उनका परिवार सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने इस योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है।मोहन सिंह का घर इससे पहले झोपड़ीनुमा था, जिसकी छत और दीवारें कच्ची थी। बरसात के दिनों में घर में अक्सर पानी भर जाता और छत टपकती थी। वनांचल क्षेत्र में होने के कारण सांप-बिच्छू का खतरा भी बना रहता था। परिवार के सदस्य रोजी मजदूरी के लिए बाहर रहते थे, जिससे घर में रह रही महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती थी। योजना की जानकारी मिलने पर ग्राम पंचायत सचिव के सहयोग से योजना के लिए उनका पंजीयन हुआ और कुछ समय बाद आवास निर्माण की राशि उनके खाते में प्राप्त हुई। जिससे उन्होंने अपना पक्का आशियान बना लिया है। अब मोहन सिंह राज अपने परिवार के साथ सुरक्षित और सुखद जीवन जी रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत उनके घर पर शौचालय का निर्माण भी हुआ है, जिससे घर पर स्वच्छता और सुरक्षा दोनों सुनिश्चित हुई है।

## ज्ञानभारतं पहल के तहत जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न, सर्वेक्षण कार्य हुआ प्रारंभ

**मोहला ।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती भारती चंद्राकर की उपस्थिति में आज ज्ञान एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के उद्देश्य से संचालित ज्ञानभारतं पहल के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय बैठक एवं प्रशिक्षण आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्री जीआर मरकाम, अपर कलेक्टर श्री मिथलेश डोंडे, एसडीएम मोहला श्री हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, जिला नोडल अधिकारी सुश्री शुभांगी गुप्ता सहित प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में पहल के उद्देश्यों, कार्ययोजना और क्रियान्वयन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान ज्ञानभारतं पहल के प्रभावी संचालन एवं सतत निगरानी के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। समिति में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है, ताकि आपसी समन्वय के साथ कार्य को सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जा सके और निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर सर्वेक्षण कार्य को गति देने के लिए सर्वेक्षकों की नियुक्ति भी की गई। ये सर्वेक्षक जिले में उपलब्ध प्राचीन पांडुलिपियों, ऐतिहासिक दस्तावेजों एवं अन्य ज्ञान-संपदा की पहचान, सूचीकरण तथा उनके डिजिटलीकरण का कार्य करेंगे। इस प्रक्रिया के माध्यम से जिले की समृद्ध बौद्धिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुँचाना ही भाजपा का मुख्य ध्येय: विधायक अमर अग्रवाल........



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी के 'बस्ती चलो अभियान' के तहत बिलासपुर के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अमर अग्रवाल ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों का सघन दौरा कर जनसंवाद किया। इस दौरान वार्डवासियों ने जहाँ एक ओर अपनी समस्याएं साझा कीं, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के लिए अमर अग्रवाल के प्रयासों की जमकर सराहना भी की। अभियान की शुरुआत वार्ड क्रमांक 21, सूर्यवंशी भवन (ओम नगर) से हुई। यहाँ नागरिकों को संबोधित करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि भाजपा का सदैव यह प्रयास रहा है कि विकास की मुख्यधारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता का साथ और विश्वास ही उनकी असली शक्ति है। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने पूर्व मंत्री के समक्ष अपनी बातें रखीं और विकास की इस यात्रा में अपना पूर्ण समर्थन जताया। वार्डों में हुआ आत्मीय स्वागत, सराहे गए कार्य-इसके पश्चात श्री अग्रवाल वार्ड क्रमांक 28 (शिव मंदिर भवन, विद्यानगर) और वार्ड क्रमांक 37 (दुर्गा मंच भवन, खटीक मोहल्ला) पहुँचे। यहाँ वार्डवासियों ने पूर्व मंत्री का आत्मीय स्वागत किया और उनके पिछले कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों को सराहा। जनसंपर्क का यह सिलसिला वार्ड नंबर 32 रामनगर (रामकुमार शुक्ला निवास, गोडपारा) और वार्ड क्रमांक 23 (अंबेडकर नगर) तक पहुँचा। इन बैठकों में स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और श्री अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देशित करने का आश्वासन दिया। 'राइज छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में हुए शामिल-बस्तियों के दौरे के बाद श्री अमर अग्रवाल होटल कोर्टयार्ड मैरिएट में आयोजित 'राइज छत्तीसगढ़' कार्यक्रम में शामिल हुए। यहाँ उन्होंने प्रदेश की प्रगति और बिलासपुर के भविष्य की कार्ययोजनाओं पर प्रबुद्धजनों के साथ विचार साझा किए।

# एसईसीएल इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र में आधुनिक नवीन दंत-रोग विभाग का शुभारंभ किया गया.....



**बिलासुपर।** आज दिनाँक 15 अप्रैल 2026 एसईसीएल द्वारा अपने कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र में नवीन दंत-रोग विभाग का शुभारंभ किया गया। इस आधुनिक सुविधा का उद्घाटन एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री हरीश दुहन के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्रश्च श्री हरीश दुहन ने कहा कि एसईसीएल अपने कर्मियों एवं उनके परिवारों को गुणवत्तापूर्ण, सुलभ एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करना एवं चिकित्सा सुविधाओं को और सशक्त बनाना कंपनी की प्राथमिकता रहेगी, जिससे कर्मचारियों को बेहतर एवं समयबद्ध उपचार मिल सके। नव स्थापित दंत-रोग विभाग के प्रारंभ होने से अब एसईसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके आश्रितों को दंत चिकित्सा से संबंधित उन्नत एवं समग्र सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। इस विभाग में डेंटल एक्सट्रैक्शन, रेस्टोरेशन, ओरल प्रोफाइलेक्सिस, रूट कैनाल ट्रीटमेंट फ्लैप सर्जरी सहित जटिल दंत शल्यक्रियाओं की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध उपचार सुनिश्चित हो सकेगा। कार्यक्रम में चिकित्सा सेवाएं प्रमुख डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा, इंदिरा विहार स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) डॉ. अरिहंत जैन, दंत चिकित्सा अधिकारी डॉ. के. शरद सहित अन्य चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ की उपस्थिति रही। यह पहल एसईसीएल द्वारा अपने कर्मचारियों एवं हितग्राहियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का एक सशक्त उदाहरण है।

## गतौरा व एरमसाही समितियों में अनियमितताओं पर सख्त कार्रवाई दोषियों पर एफआईआर दर्ज

**बिलासपुर।** मस्तुरी विकासखंड के गतौरा एवं एरमसाही समितियों में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। खाद्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि कार्यवाही पूरी तरह नियमानुसार की जा रही है और किसी प्रकार के फर्जीवाड़े की पुष्टि नहीं हुई है। जिला खाद्य कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बिलासपुर जिले में कुल 676325 मीट्रिक टन धान उपार्जन किया गया है। इनमें से 676110 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। धान खरीदी और उठाव में केवल 215 क्विंटल का अंतर है। गतौरा एवं एरमसाही समितियों में धान के संबंध में प्राप्त शिकायतों की जांच के उपरांत संबंधित दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही समितियों में लेखा-मिलान का कार्य प्रगति पर है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि 2100 क्विंटल धान उठाव लंबित होने की खबर भ्रामक है, जबकि वास्तविकता में केवल लगभग 215 क्विंटल धान का उठाव शेष है। लेखा-मिलान के दौरान यदि किसी प्रकार की कमी पाई जाती है, तो नियमानुसार संबंधित समिति की कमीशन राशि से उसकी वसूली की जाएगी, जिससे शासन को किसी प्रकार की आर्थिक हानि नहीं होगी। खाद्य प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि पूरे जिले में धान खरीदी एवं उठाव कार्य शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी तरीके से संचालित किया गया है।

# अक्षय तृतीया ही नहीं, साल के इन 3 दिनों में भी होता है 'अबूझ मुहूर्त'

## बिना पंचांग देखे होंगे सभी शुभ काम

हिंदू धर्म में किसी भी शुभ कार्य को करने से पहले मुहूर्त देखने की परंपरा बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। शादी-विवाह, गृह प्रवेश, नई खरीदारी या कोई भी नया कार्य शुरू करने से पहले लोग पंचांग के अनुसार शुभ समय का चयन करते हैं। लेकिन साल में कुछ ऐसे विशेष दिन भी होते हैं, जिन्हें अबूझ मुहूर्त कहा जाता है। इन दिनों की खासियत यह है कि इन पर किसी भी शुभ कार्य के लिए अलग से मुहूर्त देखने की जरूरत नहीं पड़ती। अधिकतर लोग केवल अक्षय तृतीया को ही अबूझ मुहूर्त मानते हैं, लेकिन इसके अलावा भी तीन ऐसे दिन हैं, जो बेहद शुभ और फलदायी माने जाते हैं। आइए जानते हैं इन सभी दिनों के नाम और उनका धार्मिक महत्व।



### क्या होता है अबूझ मुहूर्त?

ज्योतिष गणना के अनुसार, जब सूर्य और चंद्रमा की स्थिति अत्यंत शुभ होती है और कोई भी दोष प्रभावी नहीं होता, तो उसे अबूझ मुहूर्त या स्वयंसिद्ध मुहूर्त कहा जाता है। इन दिनों में विवाह, गृह प्रवेश, नई गाड़ी खरीदना, सोना खरीदना या व्यापार शुरू करना बहुत सफल और शुभ माना जाता है।

### चैत्र शुक्ल प्रतिपदा

चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से ही हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का आरंभ भी होता है। इसे सृष्टि के आरंभ का दिन माना जाता है। इस दिन नया व्यापार शुरू करना या नए संकल्प लेना बहुत शुभ होता है। यह दिन नई ऊर्जा और सकारात्मकता का प्रतीक है।

### राम नवमी

चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन भगवान श्री राम का जन्म हुआ था। मर्यादा पुरुषोत्तम के प्राकट्य दिवस होने के कारण यह पूरा दिन पवित्रता से भरा होता है। इस दिन ग्रहों का संयोग ऐसा होता है कि किसी भी मांगलिक कार्य में बाधा नहीं आती। खरीदारी, सगाई या मुंडन जैसे संस्कारों के लिए यह दिन सर्वश्रेष्ठ माना जाता है।

### अक्षय तृतीया

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को अक्षय तृतीया कहते हैं।



इसे साल का सबसे बड़ा अबूझ मुहूर्त माना गया है। अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय (नाश) न हो। माना जाता है कि इस दिन किए गए दान और पुण्य का फल अनंत काल तक मिलता है। इस दिन भारी मात्रा में शादियां होती हैं। साथ ही सोना खरीदना और गृह प्रवेश करना सबसे लोकप्रिय है।

### विजयादशमी

अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि यानी दशहरा भी अबूझ मुहूर्त की श्रेणी में आता है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन विजय मुहूर्त होता है, जो हर कार्य में सफलता सुनिश्चित करता है। अस्त्र-शस्त्र की पूजा, नया वाहन खरीदना या विद्या आरंभ करने के लिए यह दिन अचूक माना जाता है।



# 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया क्या खरीदें और किन चीजों से बचें

शुभ योग के साथ इस साल 19 अप्रैल 2026 को अक्षय तृतीया मनाई जाएगी। शास्त्रों के मुताबिक, यह दिन वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर आता है, जिसे अबूझ मुहूर्त माना गया है। कहते हैं कि, इस दिन किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए अलग से मुहूर्त देखने की आवश्यकता नहीं होती है। साथ ही इस तिथि पर कुछ चीजों की खरीदारी करने का फल साधक पर लंबे समय तक बना रहता है। इस दौरान कुछ लोग सोना-चांदी के आभूषण, तो कुछ वाहन खरीदकर घर लाते हैं। यह बेहद लाभकारी होता है और देवी लक्ष्मी का वास भी घर में बना रहता है। लेकिन कुछ चीजों को खरीदने से हमेशा बचना चाहिए अन्यथा नकारात्मकता आ सकती है। आइए जानते हैं कि, अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें और क्या नहीं।



### अक्षय तृतीया पर क्या खरीदें

अक्षय तृतीया के दिन सोना-चांदी खरीदना शुभ होता है। इससे घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। आप तांबे या चांदी के बर्तन भी खरीद सकते हैं, जिसे महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके प्रभाव से घर में बरकत और सुख-शांति आती है। आप जमीन या संपत्ति खरीदने की भी शुरुआत कर सकते हैं। कोई वाहन खरीद सकते हैं। धार्मिक वस्तुएं जैसे भगवान की मूर्ति, शंख, कलश या पूजा सामग्री खरीदना भी फलदायी माना जाता है। आप सेंधा नमक खरीद सकते हैं। मान्यता है कि, इससे घर में शांति बढ़ती हैं और कर्ज जैसी परेशानियां दूर होती हैं।



### क्या नहीं खरीदें



धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन काले रंग की वस्तुएं भूल से भी नहीं खरीदनी चाहिए। आप लोहे की चीजें भी न खरीदें। यह अशुभ हो सकता है और आपकी सुख-समृद्धि पर प्रभाव डाल सकता है।

# जेष्ठ माह में पड़ रहे हैं 8 बड़े मंगल

हिंदू धर्म में ज्येष्ठ मास के मंगलवार का विशेष महत्व होता है, जिसे 'बड़ा मंगल' या 'बुढ़वा मंगल' के नाम से जाना जाता है। साल 2026 हनुमान भक्तों के लिए खुशियों की सौगात लेकर आने वाला है। इस साल एक ऐसा दुर्लभ और अद्भुत संयोग बन रहा है जो पूरे 19 साल बाद देखने को मिलेगा। आमतौर पर ज्येष्ठ माह में 4 या 5 बड़े मंगल पड़ते हैं, लेकिन इस बार इनकी संख्या दोगुनी यानी कुल 8 होगी। आइए जानते हैं इस अद्भुत संयोग का कारण, तिथियां और बड़ा मंगल के धार्मिक महत्व के बारे में।

### क्यों बन रहा है 8 बड़े मंगल का खास संयोग?

पंचांग के अनुसार, साल 2026 में ज्येष्ठ मास 2 मई से शुरू होकर 29 जून तक रहेगा। इस अवधि में एक विशेष खगोलीय स्थिति बन रही है, क्योंकि 17 मई से 15 जून तक अधिक मास भी इसी दौरान पड़ रहा है। चूंकि मुख्य ज्येष्ठ और अधिक ज्येष्ठ दोनों एक साथ मिल रहे हैं, इसलिए 2 मई से 29 जून के बीच कुल 8 मंगलवार आएंगे। धर्म शास्त्रों में अधिक मास को भगवान विष्णु का महीना माना जाता है, और हनुमान जी भगवान शिव के अंश और श्री राम के परम भक्त हैं, इसलिए यह संयोग आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत ही फलदायी माना जा रहा है।



### बड़ा मंगल 2026 महत्वपूर्ण तिथियां

- पहला बड़ा मंगल: 5 मई 2026
- दूसरा बड़ा मंगल: 12 मई 2026
- तीसरा बड़ा मंगल: 19 मई 2026
- चौथा बड़ा मंगल: 26 मई 2026
- पांचवां बड़ा मंगल: 2 जून 2026
- छठा बड़ा मंगल: 9 जून 2026
- सातवां बड़ा मंगल: 16 जून 2026
- आठवां बड़ा मंगल: 23 जून 2026

# अगर गर्मी में रोज हल्दी वाला दूध पीते हैं तो शरीर पर क्या असर होगा?



हल्दी वाला दूध सेहत के लिए काफी फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि जहां दूध में विटामिन डी, बी12, कैल्शियम जैसे पोषक तत्व होते हैं तो वहीं हल्दी का करक्यूमिन भी एक पावरफुल एंटीऑक्सीडेंट है. इन दोनों चीजों का कॉम्बिनेशन इम्यूनिटी बूस्ट करने से लेकर कई तरह से फायदेमंद है, लेकिन हल्दी वाला दूध तासीर में गर्म होता है, इसलिए ही इसका सेवन सर्दियों में ज्यादा किया जाता है. अगर गर्मी में भी रोजाना हल्दी वाला दूध लिया जाए तो इससे आपके शरीर पर क्या असर दिखेगा. क्या इसके फायदे होंगे या फिर सेहत को नुकसान हो सकता है.

हल्दी में मौजूद करक्यूमिन एक एक्टिव तत्व है जो इसे पीला रंग देता है। इसके अलावा भी हल्दी में कई बायोएक्टिव कंपाउंड पाए जाते हैं। इसके फायदों को लेकर कई रिसर्च भी की गई हैं। तो वहीं दूध को संपूर्ण आहार माना जाता है। तो चलिए जान लेते हैं कि गर्मी में रोजाना हल्दी वाला दूध पीने से सेहत पर क्या असर होता है। श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट (दिल्ली) के इंटरनल मेडिसिन एंड इनफेक्शन डिजीज कंसल्टेंट डॉ। अंकित बंसल कहते हैं कि गर्मी के मौसम में रोज हल्दी वाला दूध पीना पूरी तरह गलत नहीं है, लेकिन इसे सीमित मात्रा में ही लेना चाहिए। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और इम्यूनिटी बढ़ाने वाले गुण होते हैं, जो शरीर को संक्रमण से बचाने में मदद करते हैं। दूध में मौजूद कैल्शियम, विटामिन डी आपकी हड्डियों को मजबूत बनाता है। इसमें प्रोटीन होता है जो मसल्स के लिए फायदेमंद है तो वहीं बी 12 हीमोग्लोबिन के प्रोडक्शन से लेकर नर्वस सिस्टम के फंक्शन को सुचारू रखने में मदद करता है। एक्सपर्ट कहते हैं कि दरअसल दूध की तासीर गर्म होती है और हल्दी भी गर्म तासीर का मसाला है। जब आप ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करते हैं तो कुछ लोगों को शरीर में गर्मी, एसिडिटी, पाचन में गड़बड़ी या मुंह में छाले जैसी दिक्कत हो सकती है। खासकर जिनकी बॉडी पहले से ही गर्म रहती है या जिन्हें पेट (पाचन) से जुड़ी समस्याएं रहती हैं, उन्हें ज्यादा सावधानी बरतनी चाहिए।

# आज का राशिफल



**मेष राशि** - आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। सरकारी कार्यों में बड़े लाभ की संभावना है और आपकी हर परेशानी का समाधान चुटकियों में निकल जाएगा। ऑफिस में आपकी राय को महत्व मिलेगा और बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। परिवार के साथ पिकनिक पर जाने का प्लान बन सकता है।

**वृषभ राशि** - आज आप आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पुरानी समस्याओं का समाधान मिलने से मन हल्का होगा। व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आने से नए दोस्त बनेंगे। परिवार में किसी धार्मिक कार्य की योजना बन सकती है। अपने जीवन स्तर को सुधारने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन राशि** - आज का दिन आपके लिए सुखद रहेगा। घर में परिवार के साथ खुशनुमा समय बिताने का मौका मिलेगा। विद्यार्थियों को सफलता के योग हैं, लेकिन पढ़ाई में अधिक मेहनत की आवश्यकता है। अपनी एकाग्रता बनाए रखें।

**कर्क राशि** -आज आपके सभी कार्य सफल होंगे। बिजनेस में नई डील के ऑफर मिल सकते हैं और बड़े निर्णय लेने के लिए दिन श्रेष्ठ है। घर में नन्हे मेहमान के आगमन का योग बन रहा है। मेडिकल छात्रों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है।

**सिंह राशि** - राजनीति और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बेहतरीन है। महिलाओं और व्यापारियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। किसी पुराने कर्ज से मुक्ति मिलने से मानसिक तनाव खत्म होगा। माता-पिता का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**कन्या राशि** - आज एकाग्र होकर किया गया काम लाभदायक रहेगा। जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे लेकिन किसी भी कार्य को अनदेखा करने से बचें। नया निवेश करने से पहले अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेना अनिवार्य है। सेहत सामान्य रहेगी।

**तुला राशि**-व्यापार विस्तार के लिए बनाई गई योजनाएं सफल होंगी और बड़ा मुनाफा दिलाएंगी। कॉस्मेटिक व्यापारियों के लिए दिन विशेष लाभप्रद है। आपके कार्यों की प्रशंसा होगी। फिलहाल किसी भी लंबी यात्रा को टालना ही बेहतर रहेगा।

**वृश्चिक राशि** - माता महागौरी की कृपा से जीवन खुशियों से भरा रहेगा। बैंक कर्मियों के लिए आज का दिन काम के बोझ से राहत वाला रहेगा। पिता से कुछ नया सीखने को मिलेगा। कोई पुरानी प्रिय वस्तु हाथ लग सकती है जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी।

**धनु राशि**- घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए दिन अत्यंत शुभ है। व्यापार अच्छा चलेगा और बॉस आपको नए प्रोजेक्ट की जिम्मेदारी दे सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए अच्छे डॉक्टर से संपर्क करना लाभदायक रहेगा।

**मकर राशि** - आज नई खुशियां दस्तक देंगी। बिजनेस में अच्छा मुनाफा होगा और पिता की सलाह मददगार साबित होगी। दोस्तों की मदद के लिए आगे आएंगे। परिवार के रिश्तों में मजबूती के लिए बहन को उपहार दे सकते हैं।

**कुंभ राशि**- अचानक धन लाभ के योग बने हुए हैं। नई स्किल सीखने का विचार भविष्य में बड़ा लाभ देगा। नया वाहन खरीदने का मन बना सकते हैं। दोस्तों के साथ मनोरंजन और सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने का अवसर मिलेगा।

**मीन राशि**- आज का दिन खास रहेगा लेकिन पैसों के मामले में लापरवाही भारी पड़ सकती है। टूर एंड ट्रेवल्स के व्यवसाय से जुड़े लोगों को अच्छा लाभ होगा। किसी करीबी या एक्सपर्ट की सलाह आर्थिक मामलों में बहुत मददगार साबित होगी।

- ज्योतिष गुरु पंडित अतुल शास्त्री

# जरा सोचिए, पानी की हर बूंद गोलाकार ही क्यों होती है हमेशा

क्या आपने कभी सोचा है कि पानी की हर बूंद गोल या लगभग गोलाकार ही क्यों होती है। कभी कोई चौकोर, तिकोन या आयताकार बूंद क्यों नहीं दिखती? क्या पानी की बूंदों को कोई खास नियम गोल आकार लेने के लिए मजबूर करता है? यह एक ऐसा साधारण सवाल है जिसका जवाब भौतिकी और रसायन शास्त्र के एक बेहद रोचक सिद्धांत में छिपा है – सरफेस टेंशन यानी पृष्ठ तनाव। इस रहस्य को समझने के लिए हमें पानी के अणुओं की संरचना को देखना होगा। पानी के अणु एक-दूसरे से बहुत मज़बूती से जुड़े होते हैं, जिसे कोहेसिव फ़ोर्स या ससंजक बल कहते हैं।

एक पानी की बूंद के अंदर मौजूद अणु चारों तरफ से समान खिंचाव महसूस करते हैं, लेकिन सतह पर मौजूद अणु एक अलग व्यवहार दिखाते हैं। वे सिर्फ नीचे और बगल के अणुओं से खिंचते हैं, ऊपर की तरफ कोई खिंचाव नहीं होता क्योंकि वहां हवा होती है। इस वजह से, सतह के अणु अंदर की तरफ खिंचने की कोशिश करते हैं, जिससे पानी की सतह एक तनी हुई अदृश्य झिल्ली जैसी बन जाती है। यह तनाव पानी को ऐसे आकार में ढालने के लिए मजबूर करता है जिसका बाहरी सतह क्षेत्र सबसे कम हो।

गणित और भौतिकी के नियमों के अनुसार, किसी भी निश्चित आयतन के लिए सबसे कम सतह क्षेत्र केवल गोले का ही होता है। यही वजह है कि पानी की छोटी बूंदें पूरी तरह गोलाकार हो जाती हैं। यदि बूंद चौकोर या तिकोन होती, तो उसकी सतह का क्षेत्रफल ज़्यादा होता, जिससे सरफेस टेंशन ज़्यादा ऊर्जा खर्च करता। प्रकृति हमेशा कम ऊर्जा वाले रास्ते चुनती है, इसलिए गोल आकार सबसे आदर्श और ऊर्जा-कुशल होता है। पत्तों पर या शीशे पर बनी बूंदें भी इसी कारण गोल-मटोल दिखती हैं।

कुछ पत्तों की सतह, जैसे कमल का पत्ता, हाइड्रोफोबिक (पानी को दूर रखने वाली) होती है, जिसके कारण बूंद और भी ज़्यादा परफेक्ट गोल बनी रहती है। बहुत छोटी बूंदें (आमतौर पर 1-2 मिलीमीटर से कम) लगभग परफेक्ट स्फीयर होती हैं। लेकिन जैसे-जैसे बूंद का आकार बढ़ता है, गुरुत्वाकर्षण का प्रभाव भी बढ़ने लगता है। गुरुत्वाकर्षण नीचे की तरफ खिंचाव पैदा करता है, जिससे बड़ी बारिश की बूंदें ऊपर से गोल और नीचे से थोड़ी चपटी हो जाती हैं, जिसका आकार कुछ हद तक हैमबर्गर जैसा हो जाता है। यदि बूंद और भी बड़ी (लगभग 4.5 मिलीमीटर से ज़्यादा) हो जाए तो गुरुत्वाकर्षण इतना मज़बूत हो जाता है कि बूंद टूटकर छोटी-छोटी बूंदों में बिखर जाती है, क्योंकि सरफेस टेंशन उसे एक साथ नहीं रख पाता। यह अद्भुत सिद्धांत सिर्फ बूंदों के आकार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके कई और दिलचस्प उदाहरण हमारे आसपास मौजूद हैं। कुछ कीड़े पानी की सतह पर चल पाते हैं क्योंकि सरफेस टेंशन उन्हें सहारा देता है, ठीक वैसे ही जैसे एक अदृश्य जाल पर चल रहे हों।



### पानी का बुलबुला भी गोल क्यों होता है?

क्योंकि अंदर की हवा बाहर की तरफ दबाव डालती है और सरफेस टेंशन उसे गोल बनाए रखता है। साबुन का पानी सरफेस टेंशन कम कर देता है, इसीलिए साबुन के घोल से बने बुलबुले पानी के बुलबुलों से बड़े और ज़्यादा देर तक टिकते हैं।

# भारतीय उच्च शिक्षा की बढ़ती वैश्विक उपलब्धि

कानून एवं विधि अध्ययन में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए JGU अब विश्व में #35 स्थान पर है। राजनीति एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में 145 स्थानों की छलांग लगाकर यह #90 स्थान पर पहुंचते हुए वैश्विक टॉप 100 में शामिल हुआ है, जबकि व्यवसाय एवं प्रबंधन अध्ययन में यह #151–200 (पहले 451–500) पर पहुंच गया है—जो एक वर्ष में 300 से अधिक स्थानों की बड़ी प्रगति को दर्शाता है।

क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2026 में विश्वभर के 6,277 संस्थानों का 55 विषयों में मूल्यांकन किया गया, जिससे JGU की यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय बल्कि पूरे भारतीय उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बन गई है। केवल 17 वर्ष पहले स्थापित यह विश्वविद्यालय आज कई विषयों में वैश्विक उत्कृष्टता का उदाहरण बन चुका है।

"JGU की विभिन्न विषयों में सफलता भारत के लिए गर्व का एक महत्वपूर्ण क्षण है। कानून में विश्व के शीर्ष 50, राजनीति एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में शीर्ष 100 और व्यवसाय एवं प्रबंधन में शीर्ष 200 में स्थान प्राप्त करना, साथ ही कई विषयों में भारत में #1 होना, भारतीय उच्च शिक्षा की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। यह उपलब्धि हमारे परोपकार के प्रति ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स बाय सब्जेक्ट 2026 में एक ऐतिहासिक वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय ने कानून, राजनीति एवं अंतरराष्ट्रीय अध्ययन, व्यवसाय एवं प्रबंधन, कला एवं मानविकी, अर्थशास्त्र तथा सामाजिक विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वयं को भारत की अग्रणी बहुविषयक वैश्विक संस्थाओं में स्थापित किया है और अंतरराष्ट्रीय उच्च शिक्षा में एक उभरती हुई शक्ति के रूप में पहचान बनाई है।

# बाल हृदय उपचार में असमानता दूर करने की पहल

किम्स हॉस्पिटल्स ने किम्स साथी एक नन्हे दिल को बचाओ पहल नामक उपक्रम की घोषणा की है। यह पहल जन्मजात तथा गंभीर हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को समग्र और संवेदनशील उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू की गई है। डॉ. श्रीनिवास एल. के दूरदर्शी नेतृत्व में किम्स हॉस्पिटल्स ने शुरुआती मात्र 6 महीनों में 200 से अधिक बच्चों का सफल उपचार पूर्ण करने के बाद इस औपचारिक उपक्रम की शुरुआत की है। इस पहल को रोटरी क्लब्स तथा विभिन्न बड़ी कॉर्पोरेट संस्थाओं से लगातार सहयोग प्राप्त हो रहा है।

इस उपक्रम का औपचारिक उद्घाटन रोटरी क्लब, स्वास्थ्य क्षेत्र, स्वयंसेवी संस्थाओं, कॉर्पोरेट CSR प्रतिनिधियों तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। जन्मजात हृदय रोग विश्व स्तर पर सबसे अधिक पाए जाने वाले जन्म दोषों में से एक है। भारत में हर वर्ष लगभग 2 लाख बच्चे इस रोग के साथ जन्म लेते हैं, जिनमें से लगभग 25–30% बच्चों को पहले वर्ष में तत्काल चिकित्सा या सर्जरी की आवश्यकता होती है। लेकिन प्राथमिक जांच सुविधाओं की कमी, बाल हृदय उपचार केंद्रों का अभाव, आर्थिक कठिनाइयाँ और जागरूकता की कमी के कारण अनेक बच्चों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता।

किम्स साथी उपक्रम इसी गंभीर कमी को दूर करने के लिए तैयार किया गया है, जो पारंपरिक अस्पताल सेवाओं से आगे बढ़कर एक मजबूत व्यवस्था तैयार करता है। इसमें बाल हृदय विशेषज्ञ, बाल हृदय सर्जन, एनेस्थीसिया विशेषज्ञ, आईसीयू विशेषज्ञ, पैरामेडिकल कर्मचारी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, कॉर्पोरेट CSR, स्वयंसेवक और सहायक कर्मचारी शामिल हैं।



इस अवसर पर बोलते हुए, बाल हृदय विशेषज्ञ प्रमुख एवं वरिष्ठ सलाहकार डॉ. श्रीनिवास एल. ने कहा, किम्स साथी एक छोटा सा प्रयास है, जिससे कोई भी बच्चा उपचार के अभाव में वंचित न रहे। समय पर निदान और हस्तक्षेप से जन्मजात हृदय रोगों के परिणामों में बड़ा सुधार हो सकता है। अध्ययन बताते हैं कि समय पर हस्तक्षेप से गंभीर मामलों में मृत्यु दर और जटिलताओं में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है।

